# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 31 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 144 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## दो ट्रेनों पर फिर पथराव, वंदेभारत और टाटा-कुर्ला एक्स. को बनाया निशाना



**शुभम संदेश। रांची**

रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता एक बार फिर बढ़ गई है. शुक्रवार को दो ट्रेनों पर अज्ञात लोगों द्वारा पथराव की घटनाएं सामने आईं, जिसमें वंदेभारत एक्सप्रेस और टाटा-कुर्ला एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया. पहली घटना टाटानगर-बरहमपुर वंदेभारत ट्रेन की है. यह ट्रेन जैसे ही चाईबासा स्टेशन के पास पहुंची, कुछ अज्ञात लोगों ने उस पर पत्थर फेंके. इससे ई-1 बोगी की खिड़की का शीशा टूट गया. इस मामले की जांच चाईबासा आरपीएफ कर रही है. संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं. दूसरी घटना गालूडीह और आसनबनी रेलखंड के बीच हुई, जो रेलवे के खड़गपुर डिवीजन के अंतर्गत आता है. यहां से गुजर रही टाटा-कुर्ला एक्सप्रेस पर भी अज्ञात लोगों ने पथराव किया, जिससे बी-4 कोच की खिड़की का शीशा टूट गया. हालांकि, किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची है. इस घटना की सूचना घाटशिला आरपीएफ को दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. रेलवे प्रशासन ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पथराव करने वालों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है.

## गिरिडीह : श्रद्धालुओं को ले जा रहा टेंपो दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत, कई घायल

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के हथियागढ़ घाटी में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरा एक टेम्पो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं. मृतकों में रुक्मणी देवी और शनिचर रजक शामिल हैं. वहीं, घायलों में बबीता देवी, देवन्ती देवी, फूलन देवी, सोफा देवी और सोशिला देवी समेत कई अन्य महिलाएं हैं. सभी श्रद्धालु धनवार प्रखंड के पचरुखी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेम्पो में कुल 14 लोग सवार थे. सभी लोग तिसरी प्रखंड के जमामो स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक करने जा रहे थे. इसी दौरान हथियागढ़-जमामो रोड स्थित हथियागढ़ घाटी के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए धनवार रेफरल अस्पताल भेजा गया. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## झारखंड : गर्मी और उमस में वृद्धि, इतनी बारिश से भी मौसम नहीं हो पाया सुहाना



**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में शनिवार को सुबह से मौसम साफ रहा. इस दौरान कड़ी धूप और भारी उमस का एहसास हुआ. रांची में 97 प्रतिशत उमस दर्ज किया गया. इससे रांची और आसपास के इलाकों में बारिश होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के सोनवा में 47 मिलीमीटर दर्ज की गई. इस दौरान रांची में 7.2 मिमी दर्ज की गई. शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 30 डिग्री, डालटेनगंज में 32.8 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. वही झारखंड में 1 जून से 29 अगस्त तक 786.5 मिलीमीटर के मुकाबले 1011.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो सामान्य बारिश से 29 प्रतिशत अधिक है. राज्य में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले में हुई है. यहां सामान्य से 78 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है. इसके अलावा सरायकेला खरसावां में 69 प्रतिशत, रांची में 60 और धनबाद में सामान्य से 45 प्रतिशत अधिक बारिश रिकार्ड की गई है.

### सनसनी : लोहरदगा में दिल दहला देने वाला हत्याकांड

# लिव-इन पार्टनर की हत्या कर शव को कमरे में दफना दिया

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



जिले के भंडरा प्रखंड के भिट्ठा चट्टी सोकरा गांव में एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है. गांव के 35 वर्षीय रघु उरांव ने अपनी 30 वर्षीय लिव-इन पार्टनर फूलो उरांव की गला घोंट कर हत्या कर दी और उसका शव अपने ही कमरे में दफना दिया. यह घटना 25 अगस्त की बताई जा रही है. सूत्रों के अनुसार, घटना से पहले दोनों के बीच गांव में हो रहे फुटबॉल मैच के दौरान मैदान में झगड़ा हुआ था. इसके बाद से फूलो कहीं दिखाई नहीं दी, जिससे गांववालों को शक हुआ. ग्रामीणों की सूचना पर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने रघु को हिरासत में लिया और पूछताछ की. कड़ी पूछताछ में रघु ने अपना जुर्म कबूल कर लिया.

उसने बताया कि गुस्से में फूलो की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को उसी कमरे में दफना दिया, जहां वह खुद रह रहा था. इतना ही नहीं, वह शव के ऊपर ही सोता रहा. पुलिस और भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की मौजूदगी में जब कमरे की खुदाई कराई गई तो फूलो का शव बरामद हुआ, जो पूरी तरह सड़ चुका था.

**पहले भी कर चुका है हत्या :** पुलिस के अनुसार, रघु उरांव का आपराधिक इतिहास भी रहा है. करीब दस साल पहले उसने अपने भाइयों के साथ मिलकर अपने पिता धन मसीही उरांव की हत्या कर दी थी. उस मामले में वह जेल गया और करीब पांच साल पहले रिहा हुआ था. तब से वह गांव के बाहर एक कमरे में अकेले रह रहा था. रघु के भाई मुन्ना उरांव के अनुसार, रघु करीब एक साल पहले फूलो को कहीं से लेकर आया था. गांव के किसी व्यक्ति को यह नहीं पता कि फूलो कहां की रहने वाली थी. दोनों पति-पत्नी की तरह लिव-इन में रह रहे थे, लेकिन शादी की पुष्टि नहीं हो पाई. उनका कोई संतान भी नहीं थी. गांववालों का कहना है कि रघु की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर लोगों से झगड़ता रहता था.

**शव रांची रिम्स भेजा गया :** फूलो का शव पोस्टमॉर्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया था, लेकिन शव काफी सड़ चुका था, जिससे जांच संभव नहीं हो सकी. अब शव को रांची स्थित रिम्स भेजा गया है. इस घटना से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है. पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फूलो कौन थी, कहां से आई थी, और कब से रघु के साथ रह रही थी.



लातेहार में डबल मर्डर

## सनकी पति ने कर दी पत्नी और मासूम बेटे की हत्या

**शुभम संदेश। लातेहार**

जिले में डबल मर्डर हुआ है. छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और एक तीन वर्षीय बेटे की निर्मम हत्या कर दी. घटना के बाद आरोपी मोहनलाल उरांव फरार हो गया. पुलिस उसे ढूंढ रही है. मृतकों की पहचान सोनामणि देवी (30) और उसके तीन वर्षीय बेटे सूरज उरांव के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि आरोपी मोहनलाल उरांव का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा.

**बड़े बेटे पर भी हमला करने का किया प्रयास :** आरोपी ने अपने पांच वर्षीय बड़े बेटे सागर उरांव पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन बच्चे के मासूम शब्दों ने उसकी जान बचा ली. सागर ने रोते हुए अपने पिता से कहा, स्कूल में मास्टर साहब बताते हैं कि बच्चों को नहीं मारना चाहिए, मुझे मत मारो. यह सुनकर आरोपी उसे वहां छोड़कर भाग निकला. घटना की सूचना मिलते ही छिपादोहर थाना की पुलिस पहुंची. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. इधर, स्थानीय लोगों के अनुसार, मोहनलाल और सोनामणि दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे. 5 साल पहले से ही दोनों एक साथ रहते आ रहे थे. एक साल पहले दोनों ने शादी की थी. शादी के बाद से दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह विवाद इतना घातक रूप ले लेगा. घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छा गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है. संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### मंईयां योजना : करम से पहले महिलाओं को मिलेगा तोहफा

## 13वीं किस्त होगी जारी

**शुभम संदेश। रांची**

करम पर्व से पहले झारखंड की महिलाओं को सरकार की ओर से बड़ा तोहफा मिलेगा. मंईयां सम्मान योजना के तहत 13वीं किस्त के रूप में 2500 की राशि लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी. इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं.

**2-3 दिनों में खातों में पहुंच जाएगी राशि :** विभागीय सूत्रों के अनुसार, 31 अगस्त से राशि का ट्रांसफर शुरू हो जाएगा. विभाग ने मंईयां योजना की राशि लाभुकों के खातों में भेजने के लिए तैयारी शुरू कर दी है. उम्मीद है कि अगले 2 से 3 दिनों में महिलाओं के खाते में पैसे पहुंच जाएंगे.





**रक्षाबंधन पर दी गई थी मंईयां योजना की राशि :** बता दें कि इससे पहले जुलाई में रक्षाबंधन से पहले भी एक किस्त जारी की गई थी, ताकि त्योहार मनाने में किसी तरह की परेशानी न हो. वहीं अब करम पर्व से पहले सभी बहनों को हेमंत सोरेन की सरकार तोहफा देगी.

**50 लाख से अधिक महिलाओं को मिलेगा लाभ :** इस बार की किस्त से 50 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित होंगी. इससे पहले जुलाई में भी 50 लाख 30 हजार महिलाओं को योजना का लाभ मिला था.

### खूंटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू आठ तक करें आवेदन

**खूंटी ।** संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है. जिलाध्यक्ष पद के दावेदार एक विहित फॉर्म में आवेदन देंगे. उन्हें आठ सितंबर तक चुनाव पर्यवेक्षक के पास अपना आवेदन जमा करना होगा. 16 सितंबर को प्राप्त सभी आवदेनों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली को भेज दिया जाएगा. यह जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव और जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त खूंटी जिला की पर्यवेक्षक जरीता लाइत्फलांग ने शनिवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी.

## जमशेदपुर: वृद्धा ने की खुदकुशी करने की कोशिश, स्थानीय युवकों ने बचा ली जान

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

साकची थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानगो के गांधी घाट पर शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक घटना टल गई, जब लगभग 70 वर्ष की एक वृद्धा ने स्वर्णरेखा नदी में कूदकर खुदकुशी का प्रयास किया. घाट पर मौजूद कुछ लोगों की सतर्कता और युवकों की तत्परता से महिला की जान बच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्धा नदी में कूदने के कुछ ही क्षणों बाद बहाव में बहने लगी थीं, तभी वहां मौजूद युवकों ने बिना समय गंवाए नदी में छलांग लगाकर उन्हें बाहर निकाला. इस बीच अन्य लोग भी



मदद के लिए दौड़े और स्थिति को संभाला. महिला को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें प्राथमिक सहायता दी.

पूछताछ में महिला ने अपना नाम लक्ष्मी नारायण यादव और पता बारीडीह बताया. हालांकि, उन्होंने आत्महत्या की कोशिश की वजह साझा नहीं की. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महिला मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रही थीं और वह लगातार चुप थीं. स्थानीय लोगों ने उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की और पुलिस को भी सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अपने संरक्षण में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

## देह व्यापार में जाने से इनकार करने पर पति ने बनाया बंधक, किया हमला

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

गोलमुरी थाना क्षेत्र से एक बेहद भयावह और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. ट्यूलाडूंगरी निवासी एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने जबरन देह व्यापार में धकेलने की कोशिश की और मना करने पर उसे पांच दिन तक घर में बंधक बनाकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी. इसके बाद आरोपित ने चाकू से उसके चेहरे, शरीर के अन्य जगहों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया.

ट्यूलाडूंगरी की रहने वाली चंदा सिंह ने शुक्रवार की देर रात गोलमुरी थाना पहुंचकर अपने पति आकाश कांत लाल और सास-ससुर के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई है. पीड़िता ने बताया कि उसने तीन साल पहले आकाश से प्रेम विवाह



किया था। शुरूआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ महीनों के बाद उसे पता चला कि उसका पति और उसका परिवार देह व्यापार के धंधे में सक्रिय है. चंदा के अनुसार, हाल ही में आकाश ने उसे चाईबासा ले जाकर वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने की कोशिश की. जब उसने इससे साफ इंकार कर दिया और वापस आ गई, तो आकाश ने उसे कमरे में बंद कर दिया और पांच दिन तक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा. चंदा ने बताया कि प्रताड़ना की सारी हदें तब पार हो गईं जब आकाश ने उस पर चाकू से हमला किया. उसने उसके चेहरे, शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से वार किए.

गंभीर रूप से घायल चंदा किसी तरह अपने मायके सोनारी भागने में सफल रही. वहां उसने अपने परिवार को पूरी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने उसे खून से लथपथ हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया. इलाज के बाद चंदा अपने परिवार के साथ थाने पहुंची और पति समेत सास-ससुर पर देह व्यापार में जबरन शामिल कराने, बंधक बनाकर प्रताड़ित करने और जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई. चंदा ने पुलिस को यह भी बताया कि आकाश पहले भी देह व्यापार से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है.

### बिहार के पीरपैंती में बनेगा 2400 मेगावॉट का थर्मल पावर प्लांट

**गोड्डा ।** बिहार की बिजली ज़रूरतों को नई रफ्तार देने के लिए अदाणी पावर लिमिटेड को बड़ा ठेका मिला है. कंपनी भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावॉट क्षमता वाला ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्लांट लगाएगी. 25 साल तक यह प्लांट राज्य को लगातार बिजली देगा. ठेका बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी ने उत्तर और दक्षिण बिहार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों की ओर से दिया है. अब जल्द ही पावर सप्लाई एग्रीमेंट होगा. टैरिफ आधारित बोली में आदाणी पावर ने 6.075 रुपए प्रति यूनिट की सबसे कम दर पेश की. इसके साथ ही कंपनी करीब 27,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी. निर्माण चरण में 10-12 हज़ार रोजगार और संचालन के बाद तीन हज़ार स्थायी नौकरियां मिलेंगी.

## दुमका में साली को हासिल नहीं कर पाया तो मार डाला

### 9 महीने बाद जीजा की करतूत आई सामने

**शुभम संदेश। दुमका**

जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र के मधुबन गांव की 20 साल की युवती शेम्पू खातून, जो 25 दिसंबर 2024 से लापता थी, अब मृत पाई गई है. 9 महीने बाद उसका शव एक सुनसान इलाके के कुएं से बरामद किया गया है. शेम्पू के पिता ने जनवरी 2025 में बेटी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी. लेकिन जब कई महीने तक कुछ सुराग नहीं मिला तो मई 2025 में उन्होंने गांव के ही युवक बाबू मोहली पर अपहरण का आरोप लगाया. इस आरोप के बाद पुलिस ने एसआईटी टीम बनाई और जांच तेज की. छानबीन में पता चला कि बाबू मोहली तो घटना से पहले ही असम चला गया था. असली साजिशकर्ता शेम्पू का जीजा करीम अंसारी निकला, जिसने अपने दोस्त शाहिद अंसारी के साथ मिलकर शेम्पू की हत्या की. पुलिस पूछताछ में करीम ने बताया कि वह शेम्पू पर गलत नजर रखता था, लेकिन जब उसकी हरकतों के कारण गांव वालों से पिटाई हुई, तो उसने बदला लेने की ठानी. 25 दिसंबर को वह उसे अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर बाइक से ले गया, और रास्ते में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. फिर शव को बोरे में भरकर पत्थर के साथ एक कुएं में फेंक दिया. अब दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

### बदहाली : हजारीबाग के मरीज बेहाल! अस्पतालों में चलता है रेफर का खेल

## डॉक्टर रहते हैं गायब, रांची में चमक रही प्रैक्टिस

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग जिले में मरीजों को इलाज के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शेख़ भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से लेकर प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति न के बराबर है. स्थिति यह है कि मरीजों को मामूली इलाज के लिए भी रांची या निजी क्लिनिक का रुख करना पड़ता है.

**सरकारी रिकॉर्ड में तैनात, पर ड्यूटी से नदारद :** स्वास्थ्य विभाग के अनुसार हजारीबाग में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर तैनात हैं. लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश



डॉक्टर अपनी ड्यूटी से नदारद रहते हैं और रांची में निजी अस्पतालों या क्लीनिक में प्रैक्टिस करते हैं. अस्पतालों में जरूरी उपकरण मौजूद होने के बावजूद मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता.

**मरीजों की नाराजगी, महंगे इलाज की मजबूरी :** इलाज के लिए आए मरीजों और परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के दर्शन तक मुश्किल से होते हैं. ऐसे में उन्हें मजबूरी में महंगे प्राइवेट क्लिनिक और अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है. इस वजह से गरीब और ग्रामीण मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं.

**रांची रेफर, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई :** अक्सर गंभीर मरीजों को इलाज और जांच के लिए रांची रेफर कर दिया जाता है. ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं. स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की कमी और गैरमौजूदगी ने लोगों को निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर होने के लिए मजबूर कर दिया है.

**जरूरी है ठोस कार्रवाई :** विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार को अनुपस्थित डॉक्टरों पर सख्त कदम उठाने होंगे. निलंबन और बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी. साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने की जरूरत है.

## सर्दी-खांसी, बुखार का इलाज कराने आए व्यक्ति की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**शुभम संदेश। कोडरमा**

जिले का सदर अस्पताल फिर सुर्खियों में है. व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर जहां कांग्रेस नेताओं का अनशन शुरू हुआ है. वहीं सर्दी, खांसी और बुखार का इलाज कराने आए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान ही रात में मौत हो गई. मौत होने के बाद मृतक के परिजनों ने जमकर बवाल काटा. हरदिया, नवादा (बिहार) निवासी सुरेश मांझी की पत्नी ने बताया कि उनके पति को पिछले 2-3 दिनों से सर्दी, जुकाम और बुखार था. इलाज के लिए शुक्रवार को 11 बजे दिन में उन्हें लेकर सदर अस्पताल कोडरमा आई. जहां मौजूद चिकित्सक की ओर से उन्हें भर्ती कराने की सलाह दी गई. उन्होंने बताया कि उनके पति के भर्ती होने के बाद कोई भी चिकित्सक या



नर्स उनकी सुध लेने तक नहीं आए. वहीं देर शाम जब उनकी हालत बिगड़ने लगी तब वे भाग कर इमरजेंसी में गईं. जहां से एक एएनएम आईं और उन्हें इंजेक्शन लगाया. एएनएम के जरिये इंजेक्शन लगाते ही पांच मिनट के भीतर सुरेश मांझी की मौत हो गई. इसके बाद वहां मौजूद सुरेश के परिजन सहित अन्य मरीजों के भी परिजन इमरजेंसी वार्ड में जाकर इसकी शिकायत कर उक्त एएनएम की खोजबीन करने लगे. पता चला कि मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे वहां से भगा दिया. इसके बाद मृतक के परिजन और वहां भर्ती अन्य मरीजों के परिजन आक्रोशित हो गए और सदर अस्पताल की इस लापरवाही के खिलाफ जमकर हंगामा किया. वहां भर्ती मरीजों के परिजनों ने वहां बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ सदर में मौजूद कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई. परिजनों ने कहा कि सदर अस्पताल के डॉक्टर और नर्स का कहना है कि दुनिया में सिर्फ यही अस्पताल है क्या? यहां इलाज नहीं होता है तो दूसरे अस्पताल जाओ. बताते चलें कि आए दिन सदर अस्पताल की लापरवाही को लेकर शिकायतें आती रहती हैं, लेकिन कोई भी सुनने वाला नहीं है. अस्पताल में लापरवाही के बीच वित्तीय पावर को लेकर सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षक के बीच विवाद भी कायम है.

## 58 वां श्री श्याम मोहत्सव: अग्रसेन पथ श्री श्याम मंदिर में तीसरे दिन हुई भजनों की हुई अमृतवर्षा

# जो मांगोगे मिलेगा अर्जी लगाके तो देखो, एक बार सांवरे के दर पे आके तो देखो

शुभम संदेश। रांची

श्री श्याम मंडल, रांची के 58 वें श्री श्याम महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में महोत्सव का मुख्य समारोह रात 9 बजे शुरू हुआ. इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को चिताकर्षक ढंग से सजाया गया था और रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का देश के अलग-अलग हिस्सों से मंगाए गए विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल, ऑर्किड, जिप्सी, जरबेरा जैसे फूलों से दिव्य शीश का मनोहरी श्रृंगार किया गया. साथ ही मंदिर में विराजमान शिव



परिवार व वीर बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया.

रात्रि 9 बजे श्री श्याम मंडल के संरक्षक ओम प्रकाश जोशी ने गणेश पूजन किया. तत्पश्चात मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला ने आगंतुक भक्तों का स्वागत किया. इस अवसर पर मंडल द्वारा प्रकाशित भजन पुस्तिका Sप्रेम पुष्पD का विमोचन झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत चौधरी द्वारा किया गया. रात्रि 10 बजे मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला ने श्री श्याम प्रभु की अष्ठ प्रहर की अखंड ज्योत प्रज्वलित की, ज्योत प्रज्वलित होते ही मंदिर में उपस्थित भक्त उत्साह से श्री श्याम प्रभु के जयकारे लगाने लगे. श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदन के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया. धनबाद से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक कृष्ण अग्रवाल के एक से बढ़ कर एक भजनों पर झूमते रहे. मुझे श्याम तेरा सहारा ना होता , तो दुनिया में मेरा गुजारा ना होता., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण तेरी, सुनले कन्हैया अर्जी हमारी, तारो या ना तारो ये मर्जी तुम्हारी, भर दे श्याम झोली भर दे, ना बलाओ बातों में, साथी हमारा कौन बनेगा, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा जैसे भजनों पर श्याम भक्त झूमते रहे. कोलकाता से आए श्री श्याम मंडल ( नूतन बाजार ) एवं श्री श्याम मंडल ( केशव राम कॉटन मिल ) के सदस्य भी पूरी रात भजनों की अमृत वर्षा की.

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विशेष रूप से तैयार खीर चूरमा, छप्पन भोग, विभिन्न प्रकार के फल-मेवा एवं रबड़ी व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया. पूरी रात मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही और श्री श्याम मंडल के सदस्य उनके बीच प्रसाद का वितरण करते रहे. संपूर्ण कार्यक्रम का श्री श्याम मंडल, रांची के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया.

महोत्सव के तीसरे दिन के कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के मनोज सिंघानिया, गोपी किशन ढांढनिया , प्रमोद बागड़िया, राकेश सारस्वत, गोविंद सारस्वत, अमित जलान, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश लखोटिया, गौरव शर्मा, सुमित पोद्दार का सहयोग रहा.

### मोहत्सव के आज के कार्यक्रम

प्रातः 7 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन, सवामनी भोग, दिन भर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा. मैके पर शिव भक्त मंडल रांची , श्री हनुमान मंडल रांची ,श्री श्याम मंडल गुमला एवं चंडीगढ़ से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक गुरप्रीत धारीवाल द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी.

## एक नजर

### श्री राधा अष्टमी का भव्य आयोजन आज



**रांची।** श्री राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में 31 अगस्त दिन रविवार को अपराह्न दो बजे से सायं छह बजे तक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ने शनिवार को इसकी विस्तृत जानकारी दी. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा अष्टमी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस पावन अवसर पर श्री राधा-कृष्ण की अलौकिक श्रृंगार, श्री राधा-कृष्ण को झूला में झुलाना, दुर्गा जागरण मंडली एवं ट्रस्ट के कई भजन गायको द्वारा संगीतमय भजन- जागरण का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा महाप्रसाद में केसरिया खीर, चूरमा, मालपुआ, रबड़ी, फल एवं कई व्यंजनों का विशेष भोग, सामूहिक पूजा- अर्चना और महाआरती का आयोजन किया जाएगा. ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तगणों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राधा अष्टमी के कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया.

### रांची जिला प्रशासन ने पूरा किया वादा, करमा पर्व से पहले कला दल को दिए मांदर



**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बेड़ो प्रखंड के कलाकारों की परेशानी का हल निकाला. डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने जनता दरबार में कला दल के सदस्य द्वारा की गई छोटी सी फरियाद पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें करमा पर्व से पहले दो पारंपरिक वाद्य यंत्र, मांदर प्रदान किए. कुछ दिन पहले, बेड़ो प्रखंड के कला दल के कलाकारों ने डीसी से शिकायत की थी कि उनके पास मांदर नहीं है, जिसके कारण उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम अधूरे रह जाते हैं. इस पर उपायुक्त ने उनसे वादा किया और अब वह वादा पूरा करते हुए कलाकारों को मांदर उपलब्ध करा दिए. मांदर पाकर कलाकारों के चेहरे पर खुशी दौड़ गई और उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए करमा पर्व की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से आमंत्रित किया. डीसी भजन्त्री ने कहा कि "झारखंड की लोक संस्कृति हमारी पहचान है. कलाकारों की सहायता करना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि गर्व की बात है. करमा जैसे त्योहार सामाजिक एकता का प्रतीक हैं और इसे और भव्य बनाने में प्रशासन पूरी तरह सहयोग करेगा."

### शराब कंपनी से रंगदारी मांगने का आरोपी रांची से गिरफ्तार हजारीबाग में पूछताछ जारी

**रांची।** हजारीबाग में शराब वितरण का टेंडर लेने वाली कंपनी विजन प्राइवेट लिमिटेड के मालिक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है. कंपनी के मालिक को कुछ दिनों पहले एक फोन कॉल आया था, जिसके बाद उन्होंने कोर्रा थाना में लिखित आवेदन दिया. झारखंड पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार सुबह रांची से सुबोध जायसवाल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को ट्रांजिट डिमांड पर हजारीबाग लाया गया, जहां कोर्रा थाना में उससे गहन पूछताछ की जा रही है. हालांकि, खबर लिखे जाने तक उसे न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा गया था. सूत्रों के मुताबिक, लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर सुबोध जायसवाल की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया. अब पुलिस जांच कर रही है कि इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल या यह अकेले सुबोध जायसवाल की योजना थी. इस मामले में हजारीबाग के कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने किसी भी जानकारी देने से इंकार कर दिया. अब यह देखना होगा कि पुलिस की पूछताछ में और कितने नामों का खुलासा होता है और क्या यह एक संगठित गिरोह की करतूत है या फिर अकेले की साजिश.

## बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन : 8,000 करोड़ की लागत से से तैयार इंजीनियरिंग की अद्भुत उपलब्धि

# मिजोरम की अर्थव्यवस्था, समाज और राष्ट्रीय एकता के लिए एक बड़ा परिवर्तन लेकर आई है

शुभम संदेश। रांची /कोलकाता



मिज़ोरम, जो अपनी खूबसूरत पहाड़ियों और दूरदराज की स्थिति के कारण जाना जाता है, अब एक नए युग में प्रवेश कर चुका है. राज्य को भारतीय रेलवे से जोड़ने वाली 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेल लाइन, जो लगभग 8,000 करोड़ रुपये की लागत से बनी है, न केवल एक इंजीनियरिंग की अद्भुत उपलब्धि है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था, समाज और राष्ट्रीय एकता के लिए एक बड़ा परिवर्तन लेकर आई है.

**कृषि और व्यापार में नवाचार :** रेल मार्ग से मिज़ोरम के कृषि उत्पादों, जैसे बांस, मिर्च, संतरे, अदरक और अनानास की ढुलाई सस्ती हो गई है. अब, किसानों को उत्पादों के नुकसान में 25-30 प्रतिशत की कमी का सामना करना पड़ेगा. इसके साथ ही, स्थानीय व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं को भी 30-40 प्रतिशत तक लागत में कमी का लाभ मिलेगा. साथ ही, रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे, जिससे राज्य में बेरोजगारी की समस्या में कमी आने की उम्मीद है.

### नई रेल लाइनः आर्थिक क्रांति की शुरुआत

इस रेल मार्ग ने मिज़ोरम और सिलचर के बीच यात्रा के समय को सात घंटे से घटाकर सिर्फ तीन घंटे कर दिया है, जिससे जीवन आसान, सुरक्षित और सस्ता हो गया है. अब स्थानीय लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक आसानी से पहुंच सकते हैं. मिज़ोरम की जीएसडीपी में 2-3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का अनुमान है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होने की संभावना है.

**पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार :** मिज़ोरम की अद्वितीय संस्कृति और पर्वतीय दृश्य अब रेल मार्ग के जरिए आसानी से सुलभ हैं, जिससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. आने वाले वर्षों में पर्यटकों की संख्या में 40-50 प्रतिशत का इज़ाफा हो सकता है. इसके अलावा, मिज़ोरम का स्थान अब भारत के 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक प्रमुख केंद्र बन सकता है, खासकर म्यांमार के सिटवे पोर्ट से कनेक्टिविटी के कारण.

**समाजिक समावेश और सशक्तीकरण :** रेल मार्ग ने मिज़ोरम के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद की है, जो पहले भौतिक और मानसिक रूप से अलग-थलग थे. इस नवनिर्मित कनेक्टिविटी के जरिए सरकारी सेवाओं, आपातकालीन राहत सामग्री और स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच भी बेहतर हुई है, जिससे समाज में समावेशिता और मजबूती आ रही है.

**स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी :** परियोजना को बनाते वक्त पर्यावरण का भी ख्याल रखा गया है. लंबी सुरंगों और ऊंचे पुलों के निर्माण से वन्यजीवों और पारिस्थितिकी पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा है. साथ ही, स्थानीय लोगों को इस परियोजना में शामिल किया गया, जिससे विस्थापन कम हुआ और विकास के लिए एक स्थिर और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया गया.

### मिज़ोरम की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर बदलेगी

बैराबी-सैरांग रेल मार्ग न केवल मिज़ोरम की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर को बदलने की क्षमता रखता है, बल्कि यह भारत को एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है. यह परियोजना मिज़ोरम के 1.2 मिलियन लोगों के लिए एक नई पहचान, समृद्धि और अवसर का प्रतीक बन चुकी है.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाइचुंग भूटिया ने भेंट की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान दोनों के बीच झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई. मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सरकार की खेल नीति के अंतर्गत खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, रोजगार, बेहतर कोचिंग और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के लिए विशेष योजनाएं भी बनाई जा रही हैं, ताकि ग्रामीण स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके. इस अवसर पर भूटिया ने मुख्यमंत्री को झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के प्रोत्साहन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की दिशा में अपने सुझाव दिए. उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और यहाँ से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जारहे हैं.

### कचरा नहीं उठने से शहर में गंदगी का अंबार

**रांची।** शहर में विभिन्न स्थानों पर कचरा नहीं उठने से गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है. इसमें वेजीटेबल मार्केट, कचहरी रोड, विक्रांत चौक, अपर बाजार समेत अन्य इलाकों में हर जगह कचरा से भरा रहा. लोगों ने बताया कि शनिवार को नगर निगम का सफाई कर्मी कचरा उठाने नहीं पहुंचा है. इसकी वजह से दिन भर शहर में जहा तहां कचरा पसरा रहा. सबसे ज्यादा कचरा रातू रोड स्थित वेजीटेबल मार्केट में दिखने को मिला. यहां इन कचरों से बदबू भी आने लगी थी. यहां पर हर दिन सब्जी बेचने वाले व्यापारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. एक ओर गंदगी का अंबार फैला था. वहीं दूसरी ओर खुलें में लोग साग सब्जी बेचेते हुए दिखाई दिए.

### गांजा तस्करी मामले में बक्सर के अजय राय को 10 साल की सजा, 2 लाख जुर्माना

शुभम संदेश। रांची

सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त एमके सिंह की अदालत ने शनिवार को गांजा तस्करी के आरोप में बक्सर जिला (बिहार) निवासी अजय राय को दोषी करार देते हुए 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई. इसके साथ ही अदालत ने उन पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया. जुर्माना नहीं देने पर उन्हें दो साल और अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. यह मामला 11 फरवरी 2019 का है, जब एनसीबी की टीम ने ओरमांझी टॉल प्लाजा के पास छापेमारी कर अजय राय को 420 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था, जिसका बाजार मूल्य 20 लाख रुपये से अधिक था. एनडीपीएस कानून के तहत विशेष लोक अभियोजक कुमार वशिष्ठ प्रसाद ने अदालत में पांच गवाहों को पेश किया. अदालत ने पाया कि अजय राय ने जमानत का दुरुपयोग किया और फरार रहते हुए तस्करी जारी रखी. अदालत ने एनडीपीएस की दो अलग-अलग धाराओं में 10-10 साल की सजा और एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. मामले में दूसरा आरोपी दीपक कुमार, जो पटना का निवासी है, की जमानत भी रद्द कर दी गई है और उसका मामला अलग कर दिया गया है. दोनों आरोपी ट्रक के केबिन में गुप्त स्थान बनाकर गांजा की तस्करी करते थे.

### अमर बाउरी ने बी सुदर्शन रेड्डी पर उठाए सवाल, कहा-

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी न्यायपालिका का निर्णय था



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष, अमर कुमार बाउरी ने इंडीगठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के बयान पर प्रतिक्रिया दी है. बाउरी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी केंद्र सरकार के निर्देश पर नहीं, बल्कि न्यायपालिका के आदेश पर हुई थी. बाउरी ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का बयान वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण की ओर इशारा करता है. बाउरी ने यह भी स्पष्ट किया कि हेमंत सोरेन की जमानत भी न्यायपालिका के आदेश पर दी गई थी, और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि केंद्र सरकार ने इसमें हस्तक्षेप किया हो. उन्होंने इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की बयानबाजी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें भारतीय संविधान पर विश्वास नहीं है. यह बयान झारखंड में लगातार हो रही राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप के बीच आया है, जहां भाजपा और विपक्षी दलों के बीच सियासी संघर्ष तेज हो गया है.

# रांची में वाहन चेकिंग अभियानः 37 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

जिला परिवहन विभाग, रांची द्वारा लालगुटवा और पंडरा क्षेत्रों में शुक्रवार को विशेष वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार और मोटरयान निरीक्षक, रांची ने संयुक्त रूप से किया. अभियान के दौरान कुल 256 वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें प्रेशर हॉर्न, काला शीशा, पथकर, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेजों और नियमों की जांच शामिल थी. जांच के दौरान 37 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनमें मुख्य रूप से अपूर्ण दस्तावेज और ओवरलोडिंग शामिल रहे. इन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए 5,22,750 का जुर्माना वसूला गया. इसके अलावा, नियमों के गंभीर उल्लंघन के चलते 6 वाहनों को जब्त कर पंडरा ओपी में सुरक्षित रखा गया है.

### सड़क सुरक्षा हमारी प्राथमिकता हैः परिवहन पदाधिकारी

जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने अभियान के दौरान कहा, हमारा उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है. इस तरह के अभियान न केवल नियमों का उल्लंघन रोकते हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं. उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने सभी दस्तावेज समय पर अपडेट रखें और यातायात नियमों का पालन करें.

### अभियान जारी रहेगा

यह विशेष जांच अभियान सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है. जिला परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे, जिससे रांची की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके.

# लड़की के प्यार में पागलपनः रांची में युवक ने सड़क पर ही दोस्त का गला रेत डाला

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी चौक पर शुक्रवार को प्रेम प्रसंग के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. मामूली कहासुनी के बाद दो युवकों में झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे का गला चाकू से रेत दिया. जानकारी के अनुसार, पप्पू लोहरा और रवि सिंह एक ही लड़की से जुड़े रिश्तों को लेकर आपस में भिड़ गए. बताया जा रहा है कि पहले पप्पू का उस लड़की से प्रेम संबंध था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रवि सिंह भी उस लड़की से बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं, जिससे पप्पू के मन में रंजिश पैदा हो गई. शुक्रवार को पंचवटी चौक पर इसी मुद्दे को लेकर दोनों युवकों में कहासुनी हुई, जो देखते-ही-देखते मारपीट में बदल गई. गुस्से में आकर पप्पू लोहरा ने पास की सब्जी दुकान से चाकू उठाया और रवि सिंह के गले पर वार कर दिया.

**गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती रवि सिंह :** गंभीर रूप से घायल रवि सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत गुरुनानक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है. फिलहाल डॉक्टर्स की टीम उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

### चाकू मारने के बाद भीड़ ने आरोपी को पकड़ा

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पप्पू मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। भीड़ ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद चुटिया थाना पुलिस ने पप्पू लोहरा को हिरासत में ले लिया.

### पुलिस ने बरामद किया घटना में इस्तेमाल चाकू

पुलिस ने जांच के दौरान वह चाकू भी बरामद कर लिया है जिसे आरोपी ने घटना के बाद नाली में फेंक दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की तहकीकात प्रेम प्रसंग से जुड़े अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है.

# रांची में 19 से 21 सितंबर तक डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 का आयोजन

### कोल्हान के व्यापारियों को भी मिलेगा सुनहरा अवसर

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की राजधानी रांची 19 से 21 सितंबर 2025 तक पहली बार डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 की मेज़बानी करेगी. यह भव्य आयोजन रांची के खेलगांव स्थित विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में आयोजित होगा. भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सहयोग से आयोजित होने वाला यह एक्सपो, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा. इस तीन दिवसीय आयोजन में 200 से अधिक विक्रेता भाग लेंगे, जिनमें 50 से अधिक एमएसएमई और स्टार्टअप्स भी शामिल होंगे. इस अवसर पर डीआरडीओ और देश की प्रमुख निजी कंपनियां अपनी रक्षा तकनीकों और सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करेंगी. कार्यक्रम में सेना के उपकरणों का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी.

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जमशेदपुर के एक होटल में व्यावसायियो, द्यमियों व प्रबुद्ध जनों एक्सपो के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ इसे और सशक्त बनाने का एक मंच बनेगा. उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब 92 देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है, और देश की सैन्य शक्ति की पहचान पूरी दुनिया में बन चुकी है, जिसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव हैं. साथ ही, उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन की अपील की. व्यापारियों से "स्वदेशी अपनाएं" का पोस्टर अपनी दुकानों पर लगाने की अपील करते हुए उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इसमें सक्रिय भागीदारी की उम्मीद जताई.

# श्री श्याम मित्र मंडल के 168वें श्री श्याम भंडारे में 2700 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

शुभम संदेश। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 168 वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया. आयोजन में मंदिर के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी और निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सहित अन्य प्रमुख सदस्य ने मिलकर श्री श्याम भोग का भजन गाया. श्रद्धालु ₹आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी₹ और ₹रुच- रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी₹ के स्वर में भजन गाते हुए ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध कर रहे थे. भंडारे में खाटू नरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी और गुरुजनों का भोग लगाकर



महाप्रसाद को मिश्रित किया गया. हर भंडारे के बाद मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं. शनिवार के भंडारे में 2700 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने यह जानकारी दी.

मंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि भंडारे के आयोजन के दौरान टिकमानी परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर



के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया. धीरे-धीरे श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से पूरी तरह भर गया और हरमू रोड पर भक्तों की लंबी कतारें लग गई. इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच प्रसाद वितरण की शुरुआत की गई. भंडारे में वितरित प्रसाद में नमक अजवाइन पुड़ी, वेजिटेबल पुलाव, आलू-लौकी चना की सब्जी, केसर भोग और भुजिया का प्रसाद था. भोग लगने के बाद महाप्रसाद में खीर और चूरमा का विशेष स्थान था.

**अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं का सहयोग :** श्री श्याम भंडारे के आयोजन में अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया सहित अन्य 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### परिवर्तनी एकादशी के मौके पर तीन सितंबर को मंदिर पूरे दिन खुले रहेंगे

मंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में 3 सितंबर को परिवर्तनी एकादशी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा. प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलेंगे. दैनिक विधि-विधान से नियमित पूजन के बाद मंगला आरती की जाएगी. उसके बाद पर्दे लगाकर मुख्य मंड श्री श्याम प्रभु, श्री बालाजी महाराज, श्री शिव परिवार एवं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया जाएगा. विशेष श्रृंगार आरती सुबह 8.30 बजे के बाद होगी. ज्ञातव्य है कि पूरे साल में चार एकादशी एवं द्वादशी बाबा श्याम के बड़े मेले के उत्सव के रूप में मनाई जाती है, जिसमें से एक भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की परिवर्तनी एकादशी है. इसको देखते हुए बड़ी एकादशी के मद्देनज़र श्री श्याम मंदिर हरमू रोड दिन भर खुला रहेगा. इसकी वृहद पैमाने पर उसकी तैयारी अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान की देखरेख में चल रही है. कोलकाता से कारीगरों की एक टीम बाबा श्याम के श्रृंगार के लिए मंगलवार दो सितंबर को ही रांची आ रही है.बेंगलुरु, रायपुर एवं बंगाल के विभिन्न हिस्सों से श्याम दरबार को सजाने के लिए फूल मंगाए जा रहे हैं.

### बाबा श्याम के सम्मुख बारस की धोक

द्वितीय दिवस बाबा के बड़े द्वादशी बारस के दिन गुरुवार 4 सितंबर को प्रातः 7:30 बजे से बाबा के अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी. इस ज्योति में आहुति हर श्याम भक्त अपने परिवार के साथ आकर दे सकते हैं . खाटूश्याम बाबा को बारस की ज्योत और धोक अतिप्रिय है सभी श्याम प्रेमी अपनी मनोकामना बाबा के सम्मुख बाबा के दरबार में लगा सकते हैं. अखंड ज्योत 12 बजे के पश्चात पूर्ण होगी एवं 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए जाएंगे.

## 33 वर्षों से उपेक्षित आदिवासी छात्रावास भवन का हाल

# शुरू हुआ जीर्णोद्धार कभी नहीं ठहरे छात्र

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी थी योजना, अब फिर से लग रहा करोड़ों का सरकारी धन

**राजीव कुमार उरांव । चंदवा**

करीब 33 साल पहले कल्याण विभाग की योजना के तहत बना आदिवासी छात्रावास भवन अब जीर्णोद्धार की प्रक्रिया से गुजर रहा है. लेकिन यह भवन कभी अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सका. हैरानी की बात है कि निर्माण के बाद से अब तक इस भवन में एक भी छात्र ने निवास नहीं किया है. जानकारों का कहना है कि निर्माण के समय ही यह भवन विवादों में आ गया था, जिसके चलते इसे विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरित नहीं किया जा सका. न ही संवेदक और अभियंता पर कोई कार्रवाई हुई. इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ. अब एक बार फिर करोड़ों की राशि खर्च कर इसका जीर्णोद्धार किया जा रहा है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बार भवन का सही उपयोग होगा या फिर से धन बर्बाद होगा? भवन की हालत अब तक जर्जर हो चुकी थी और गिरने की कगार पर था. इसके निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप वर्षों से लगते रहे हैं. यहां तक कि दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो भी इस मामले को सार्वजनिक मंचों पर उठा चुके हैं.



**छात्रावास घनी आबादी वाले क्षेत्र में है :** यह छात्रावास चंदवा–मेदिनीनगर मुख्य सड़क से लगभग एक किलोमीटर भीतर, घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है, जो प्लस टू उच्च विद्यालय के नजदीक है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार का कहना है कि उन्हें जीर्णोद्धार की कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन यदि यह कार्य गुणवत्तापूर्ण होता है तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आवास व शिक्षा की सुविधा एक साथ मिल सकेगी और परिसर भी सुरक्षित होगा.

## मेदिनीनगर: इंटरनल परीक्षा में कम अंक मिलने पर छात्र नाराज, एनएसयूआई ने कुलपति से की मुलाकात



**मेदिनीनगर** । मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और जीएलए कॉलेज के अंग्रेजी पीजी विभाग में इंटरनल परीक्षा के अंक कम मिलने को लेकर छात्रों में नाराजगी व्याप्त है। छात्रों का आरोप है कि विभाग द्वारा जानबूझकर कुछ छात्रों को कम अंक दिए जा रहे हैं, जिससे वे फेल हो रहे हैं। इस पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में कुलपति से मिला और पुनः कॉपी मूल्यांकन की मांग की। अमरनाथ तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने सभी विभागों को निर्देश दिया था कि विद्यार्थियों को न्यूनतम 60 अंक दिए जाएं, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पसंदीदा छात्रों को बेहतर अंक दिए जा रहे हैं, जबकि अन्य को जानबूझकर कम अंक देकर उनका भविष्य खराब किया जा रहा है। संगठन ने निष्पक्ष मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन की मांग की है। एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे

## समाज को आगे बढ़ाने में कोई कसरनहीं छोड़ेंगे



- बाबा गणिनाथ जयंती पर हलवाई समाज का भव्य समारोह मे विधायक ने कहा

**लातेहार । बरवाडीह (लातेहार)।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा (हलवाई समाज) की बरवाडीह कमेटी द्वारा रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में बाबा गणिनाथ की जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिप सदस्य संतोषी शेखर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. विधायक ने कहा कि हलवाई समाज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है. झारखंड में उन्हें एनेक्सचर वन में रखा गया है, और सरकार से सभी सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास जारी है. साथ ही राज्य में वैश्य समाज को 27% आरक्षण दिलाने की प्रक्रिया भी चल रही है. उन्होंने समाज को संगठित व शिक्षित होने का संकल्प लेने का आह्वान किया. जिप सदस्य संतोषी शेखर ने बाबा गणिनाथ के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता बताई. वहीं प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि हलवाई समाज आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है. समारोह में मैट्रिक व इंटर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को विधायक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया. बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय प्रसाद संजू ने की. इस मौके पर आनंद प्रसाद नंदू, महेंद्र प्रसाद, रामनाथ प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद समेत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## ग्रामसभा का आयोजन, सुरेश गंझू बने नए पाहन

**बालूमाथ** । बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत कोमर गांव में ग्राम देवता की पूजा-पाठ और पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से ग्रामसभा का आयोजन किया गया. पूर्व पाहन ने स्वास्थ्य कारणों से पदभार निभाने में असमर्थता जताई थी, जिससे गांव की परंपरागत पूजा-पाठ जैसे सरहुल, जतरा, पचाठी, मंडप एवं वीर कुंवर थान पूजा बाधित हो रही थी.ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सुरेश पाहन उर्फ सुरेश गंझू को गांव का नया मुख्य पाहन चुना गया. साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि गांव की पाहनई जमीन में खेती-बाड़ी का कार्य नए पाहन एवं उनके वंशजों द्वारा ही किया जाएगा. ग्रामसभा में कोमर ग्राम से प्रवीण सिंह (एसडीएम), अनिल सिंह, अर्जुन सिंह, विपिन सिंह, लौकी सिंह, पीकेश सिंह, बिट्टू सिंह और हरिजन टोला से गौतम भुइयां, निक्कू भुइयां, पलटू राम सहित कुर्शी टोला के पाहन परिवार के सभी वंशज एवं उरांव समुदाय के लोग भी उपस्थित थे. बैठक शांति पूर्वक सम्पन्न हुई और सभी ग्रामीणों ने नए पाहन को आशीर्वाद एवं समर्थन प्रदान किया.

## छिपादोहर- गम्हरिया मुख्य मार्ग बारिश में बहा, परेशानी बढ़ी

# ग्रामीण एकजुट हुए, चंदा वसूल कर आवागमन बहाल कराया

**शुभम संदेश लातेहार**

बरवाडीह (लातेहार). छिपादोहर गमहरिया मुख्य मार्ग बारिश के पानी में बह गया था, जिससे करीब 50 परिवार प्रखंड मुख्यालय और बाजार से कट गए. प्रशासन की ओर से कोई कार्य न होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर सड़क की मरम्मत शुरू की. इस सामूहिक प्रयास से सड़क फिर से चलने योग्य बनी, जिससे लोगों को राहत मिली. ग्रामीणों ने कहा कि यह उनकी एकजुटता और संकल्प का परिचायक है. अगर प्रशासन सक्रिय होता तो यह काम जल्दी हो सकता था, लेकिन मजबूरी में खुद ही समस्या का समाधान करना पड़ा. इस प्रयास में गांव के कई युवा और ग्रामीण शामिल थे. यह घटना समुदाय की ताकत और स्वयं सहायता का बेहतरीन उदाहरण है.



## शिक्षा, स्वास्थ्य और जनजागरूकता के महत्वपूर्ण आयोजन पर चर्चा हुई

**मेदिनीनगर** । मेदिनीनगर. सदर मेदिनीनगर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक हुई. बैठक में प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को रोज स्कूल भेजना ही चैम्पियन अभिभावक की पहचान है. बैठक में राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल सामग्री, एक पौधा मां के नाम, मध्याह्न भोजन व पोषाहार, मुखर वाचन एवं सहपठन जैसे कई विषयों पर चर्चा की गई और लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए. वहीं, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पलामू जिले की 40 पंचायतों को वर्ष 2024 में टीबी मुक्त घोषित किया गया है. इस सम्मान समारोह का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय में किया गया, जिसमें सरजा, पोलपोल और जमुने पंचायत के मुखियाओं को प्रमाणपत्र एवं महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया. सिविल सर्जन डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पंचायत स्तर पर सामुदायिक भागीदारी बढ़ने से टीबी उन्मूलन अभियान को सफलता मिली है. जिले में जनजागरूकता, समय पर जांच, दवा वितरण और पोषण सहायता योजनाओं के कारण टीबी के मामलों में कमी आई है. इसके अतिरिक्त, पलामू जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 93 प्रतिशत लोगों ने दवा ग्रहण की है. 15 से 30 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में मीडिया कार्यशाला आयोजित कर फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय और दवा सेवन के महत्व को समझाया गया. सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है, जिससे शरीर के अंगों में अपंगता आ सकती है. उन्होंने फाइलेरिया की दवा लेकर इस बीमारी के प्रसार को रोकने पर बल दिया. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार ने प्रशासनिक प्रयासों की जानकारी दी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रेस और मीडिया कर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया.

## धूमधाम से मना श्री गौशाला का शताब्दी वर्ष : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर** । मेदिनीनगर. बारालोटा स्थित श्री गौशाला बारालोटा समिति की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने गौशाला के आमद-खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया. समिति ने 15 सितंबर तक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है. आजीवन सदस्य बनने के लिए 21 हजार रुपए और वार्षिक सदस्यता के लिए 2100 रुपए जमा करने होंगे. पुराने सदस्य वार्षिक शुल्क जमा कर सदस्य बने रहेंगे. सदस्यता अभियान के बाद समिति का विस्तार किया जाएगा.समिति के सदस्य इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि गौशाला का शताब्दी वर्ष 2025 के अंत तक बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा, जिसमें बाहरी अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा. बैठक में मेदिनीनगर सदर एसडीओ की मौजूदगी में प्रथम महापौर अरुणा शंकर को समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया, जिनके नेतृत्व में शताब्दी वर्ष की योजना बनाई जाएगी. अरुणा शंकर ने गौशाला में गोबर से निर्मित वर्मी कंपोस्ट खाद, दीयों का निर्माण दीपावली से पूर्व महिला समूह द्वारा कराने का प्रस्ताव रखा.

## ऋत्विज परिवार का छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आज

**मेदिनीनगर।** ऋत्विज परिवार बाईपास रोड स्थित आरएन प्वाइंट होटल में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों को लक्ष्मण शुक्ला स्मृति और शिवकुमारी देवी स्मृति छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। संस्था के सचिव मणिकांत उपाध्याय ने सभी मीडिया से कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन का उद्देश्य मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उन्हें आगे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना है।

## सिविल सर्जन ने बालूमाथ सीएचसी का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**लातेहार** । लातेहार जिले के सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो ने शुक्रवार शाम बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया और उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने डॉक्टरों की कमी और इलाज में हो रही समस्याओं की जानकारी देते हुए डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की.सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि डीएमएफटी फंड के तहत बालूमाथ सीएचसी के अधीन आने वाले बारियातू स्थित बारीखाप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि यह पीएचसी सितंबर माह में प्रारंभ हो जाएगा, जिसमें न्यूरो सर्जन, एमडी और वरिष्ठ चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे.यह केंद्र शुरू होने के बाद बालूमाथ से रिम्स या लातेहार सदर अस्पताल रेफर किए जाने वाले कई गंभीर बीमारियों का इलाज अब यहीं संभव होगा.

**आक्रोश**

## राजा मेदिनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट सम्पन्न, चंदनपुर बना विजेता

# ऐसे आयोजन अनुशासन, स्वास्थ्य व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं

**शुभम संदेश । सतबरवा**

सतबरवा के दुबियाखाड़ स्थित राजा मेदिनी चौक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित राजा मेदिनी राय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर संपन्न हुआ. इस टूर्नामेंट का आयोजन राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ, प्रखंड इकाई सदर मेदिनीनगर द्वारा किया गया.

फाइनल मुकाबले में चंदनपुर की टीम ने पोखरहा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोखरहा को द्वितीय और जोरकट ने चुकरु को हराकर तृतीय स्थान हासिल किया. विजेता टीमों को शिल्ड, मेडल, जर्सी और नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. समापन समारोह की



अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने की, वहीं मंच संचालन राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने किया. मुख्य अतिथि मनिका विधायक सह राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों में अनुशासन, स्वास्थ्य और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं. उन्होंने राजा मेदिनी राय की स्मृति में इस आयोजन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया और दुबियाखाड़ के विकास का आश्वासन भी दिया. राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम सिंह चेरो ने युवाओं से नशामुक्त, शिक्षित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की. मौके पर मेदिनीनगर उपमहापौर मंगल सिंह ने आयोजन की सराहना की, वहीं विधायक आलोक चौरसिया के प्रतिनिधि अमलेश चौरसिया ने महासंघ की मांगों को विधायक तक पहुंचाने की बात कही.

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, राष्ट्रीय सलाहकार भरदूल कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य बासो देवी, प्रमुख बसंती देवी, उपप्रमुख शीतल सिंह चेरो, भाई गोविंद जी सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे

## कांग्रेसियों ने मृतक सोमरा नगेशिया के परिवार को राशन देकर सहायता की

**लातेहार** । महुआडांड़ (लातेहार). नेतरहाट थाना क्षेत्र के गड़बूड़नी निवासी मृतक सोमरा नगेसिया का शव शुक्रवार देर रात आंध्रप्रदेश से महुआडांड़ लाया गया. शनिवार को गांव में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया. शव को सुरक्षित लाने में गांव के दो युवकों और विधायक रामचंद्र सिंह व प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही. विधायक के निर्देश पर महुआडांड़ कांग्रेस कार्यकर्ता नसीम अंसारी, वरिष्ट नेता रानू खान, शहीद अहमद, सद्दाम खान और जुनैद अंसारी ने पीड़ित परिवार को दो बोरा राशन तत्काल मदद के रूप में दिया. विधायक ने परिवार को भविष्य में भी हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया. ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस मदद से परिवार को कठिन समय में राहत मिली है.

## एक नजर

### विधायक ने किया मिनी स्टेडियम का शिलान्यास

**बरवाडीह** । बरवाडीह प्रखंड के गढ़वाटांड़ में शनिवार को क्षेत्र के पहले मिनी खेल स्टेडियम का विधिवत शिलान्यास मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिप सदस्य संतोषी शेखर ने पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर किया. यह स्टेडियम पर्यटन मद के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम (एनआरईपी) लातेहार के अंतर्गत बनाया जाएगा. सितंबर से निर्माण कार्य प्रारंभ होगा.इस स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं जैसे दौड़ ट्रैक, दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था, ड्रेसिंग रूम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं होंगी. इससे स्थानीय स्तर पर प्रखंड व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकेंगी.विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बरवाडीह के युवाओं में अपार प्रतिभा है, लेकिन संसाधनों की कमी उन्हें आगे बढ़ने से रोकती रही है. यह स्टेडियम खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगिता का अवसर देगा. उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल ग्रामीण प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी.स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों में इस सौगात को लेकर उत्साह देखा गया. सभी ने विधायक और सांसद कालीचरण सिंह के प्रयासों की सराहना की. इस मौके पर अंचलाधिकारी लौकेश सिंह, एसडीपीओ भरत राम, थाना प्रभारी अनूप कुमार, मुखिया कालो देवी समेत कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे.

### स्कूल का निरीक्षण, मरम्मत का दिया आश्वासन



**बरवाडीह** । बरवाडीह प्रखंड के गढ़वाटांड़ स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का शनिवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि स्कूल में कुल 93 छात्र नामांकित हैं, जिनमें से प्रतिदिन 80 से 85 बच्चे उपस्थित रहते हैं. लेकिन स्कूल में केवल दो उपयोगी कमरे हैं, जबकि तीन कमरे पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं, जहां बच्चों को बैठाना खतरनाक हो सकता है.विधायक रामचंद्र सिंह ने विद्यालय परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और तीन कमरों की जर्जर स्थिति को गंभीरता से लिया. उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विभाग को मरम्मत हेतु आवेदन सौंपें और उन्हें भी सूचित करें, ताकि वे विभाग से बात कर शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करा सकें.विधायक ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है, और इसे सुरक्षित व सुविधाजनक बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराने का भरोसा दिलाया.निरीक्षण के दौरान जिप सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, शिवानंद तिवारी, अनिल सिंह, अवधेश मेहरा, शिक्षक अमित कुमार, आलोक सिंहा सहित कई लोग उपस्थित थे.

### छिपादोहर डबल मर्डर केस का आरोपी गिरफ्तार



**लातेहार** । लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र में पत्नी और तीन वर्षीय बेटे की हत्या कर फरार हुए आरोपी मोहनलाल उरांव को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर एसडीपीओ भरत राम के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार देर शाम गणेशपुर के टोंगरी जंगल से उसे दबोच लिया. गिरफ्तार आरोपी मोहनलाल उरांव (30 वर्ष) ने गुरुवार रात पत्नी सोनामुनी देवी और बेटे सूरज उरांव की नुकीले हथियार (छैनी) से हत्या कर दी थी. हत्या की वजह आपसी झगड़ा और पैसों को लेकर विवाद बताया गया है. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त छैनी, खून से सनी मिट्टी, मृतकों के शरीर से लिए गए खून के नमूने, खून लगे 2500 रुपए, टूटी चूड़ियों के टुकड़े और मंगलसूत्र बरामद किए हैं. सभी साक्ष्य फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे जाएंगे. शनिवार को छिपादोहर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ भरत राम ने पूरी घटना की जानकारी दी. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रितेश कुमार राव, गारु थाना प्रभारी पारस मणी, एसआई बिकाशेन्दु त्रिपाठी, एएसआई इंद्रजीत तिवारी और आईआरबी-04 के सशस्त्र बल शामिल रहे.

### सतबरवा में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का स्वागत



**सतबरवा** । सतबरवा में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत किया गया. भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया. कार्यक्रम के दौरान रेवारातू क्षेत्र के ग्रामीणों ने कोटया, सप्तमी और लकड़ाही के जंगल-पहाड़ों को पत्थर माफियाओं से बचाने की गुहार लगाई. ग्रामीणों ने बताया कि इस मुद्दे पर वे पहले ही सीओ, डीसी पलामू व चतरा सांसद को आवेदन दे चुके हैं. मरांडी ने समस्या को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया. इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, राजेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, चंचल यादव समेत अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे.

### अभिमन्यु ने वित्त मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

**विश्रामपुर** । विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं भावी प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाक़ात की. इस अवसर पर उन्होंने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया.



मुलाक़ात के दौरान अभिमन्यु सिंह ने विश्रामपुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनता की अपेक्षाओं को मंत्री के समक्ष रखा. मुलाक़ात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई.

### सतबरवा व पोलपोल में गणेश महोत्सव का आयोजन

**सतबरवा** । सतबरवा एवं धमधमवां रोड पोलपोल स्थित श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी गणेश पूजा धूमधाम से मनाई गई. भगवान गणेश की प्रतिमा को विधिवत स्थापित कर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की गई. समिति अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी और सचिव महेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. पूजा के उपरांत भव्य भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें महिलाओं और युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही. शनिवार को महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. पूरा क्षेत्र "गणपति बप्पा मोरया" के जयघोष से गूंज उठा. इस आयोजन में समिति के सभी 40 सदस्य उपस्थित रहे. उन्होंने एकता, भाईचारे और सामाजिक समर्पण का संदेश दिया.

### चैनपुर अंचल दिवस कार्यक्रम में जनसमस्याओं का किया गया त्वरित समाधान

# परिसंपत्तियों का वितरण और जनता से सीधा संवाद

**शुभम संदेश चैनपुर (गुमला)**

उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की पहल पर शनिवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचल दिवस का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं उपायुक्त ने की. इस अवसर पर अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता समेत अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.




कार्यक्रम में उपायुक्त ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का त्वरित समाधान कराया. कुल 137 आवेदनों में से 73 का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष 64 आवेदनों को विस्तृत जांच हेतु भेजा गया.इस अवसर पर 18 जाति, 16 आय, 12 आवासीय एवं 7 पारिवारिक प्रमाण पत्र जारी किए गए. भूमि विवाद, पंजी-II सुधार, दाखिल-खारिज एवं राशन कार्ड से जुड़े कई मामलों का निपटारा भी त्वरित रूप से हुआ.

- अपर समाहर्ता ने नागरिकों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया.
- अगला अंचल दिवस 4 सितंबर 2025 को भरनो प्रखंड में आयोजित होगा.

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के 35 लाभुकों को परिसंपत्तियाँ एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए, जिनमें पेंशन, आम बागवानी, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक ऋृण स्वीकृति आदि शामिल रहे. उपायुक्त ने कहा कि अंचल दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके प्रखंड स्तर पर करना है, ताकि उन्हें जिला कार्यालय न जाना पड़े. उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही की बात दोहराते हुए कहा कि लाभुकों से फोन पर पुष्टि भी की जाएगी.

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, युवाओं में दिखा खासा उत्साह

**सिमडेगा ।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर सिमडेगा जिले में भव्य जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम सिमडेगा और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर से आए युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह थीं. जिला खेल पदाधिकारी द्वारा उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया गया. प्रतियोगिता में हॉकी, बैडमिंटन, वूशु, एथलेटिक्स के साथ-साथ ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल जैसे गुलेल, गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया.

## एक नजर

### झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत लोहरदगा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा ।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा द्वारा खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 के चतुर्थ चरण में आज 30 अगस्त को डायट कैम्पस चीरी, कूड़ु में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला डीईओ सह डीपीओ, जेईपी, दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी एवं प्रभाग प्रभारी आकाश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 एवं 19 की बालिकाओं ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, लांग जम्प, हाई जम्प, हर्डल, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी सहित कई स्पर्धाओं में भाग लिया. जिले के सातों प्रखंडों के सरकारी, केजीबीभी और एकलव्य विद्यालयों की विजेता टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई.

### अजय किशोर नाथ पांडे की पुस्तक 'महफिले ए गजल' का रांची में लोकार्पण, साहित्य सेवा में सम्मानित



**गुमला ।** गोपाल किरण समाजसेवी संस्था के तत्वावधान में रांची विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ़ लीगल कैंपस के सभागार में एकदिवसीय ग्लोबल शोध सेमिनार का आयोजन किया गया. इस अवसर पर गुमला के चेटर निवासी साहित्यकार अजय किशोर नाथ पांडे की स्वरचित पुस्तक 'महफिले ए गजल' का लोकार्पण किया गया. अजय को साहित्य सेवा के लिए मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई. इसमें देश के कई राज्यों से आए कवि, साहित्यकार, फिल्म निर्माता और लेखक उपस्थित थे. सेमिनार में वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के दौरान अजय की पुस्तक के साथ-साथ 'भले दिनों की बात' और 'फिल्म और सर्कस' नामक पुस्तकों का भी लोकार्पण हुआ. इस आयोजन ने साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले कलाकारों को प्रेरित किया.

### करीडा में कुंआ में डूबने से 14 वर्षीय छात्रा की मौत

**गुमला ।** रायडीह थाना क्षेत्र के करीडा गांव में शनिवार सुबह 14 वर्षीय छात्रा संतोषी कुमारी की कुएं में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई. छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ पीने के लिए पानी भरने गई थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गई. ग्रामीणों की मदद से उसे कुएं से बाहर निकाला गया और परिजन तुरंत सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. परिजन और ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल जल योजना के तहत दो जलमीनार बनाए गए थे, लेकिन एक जलमीनार खराब पड़ा है और दूसरा पानी पीने योग्य नहीं है. इस कारण ग्रामीण मजबूर होकर नजदीकी कुएं से पानी लेने को मजबूर हैं.

### बीमारी से किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला ।** पूसो थाना क्षेत्र के कोरकोपी महुआ टोली निवासी 17 वर्षीय सरिता कुमारी ने शुक्रवार की शाम दुपट्टे के सहारे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलने के बाद पुसो थाना की पुलिस ने गांव पहुंचकर किशोरी का पंचनामा किया और सदर अस्पताल गुमला में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार जनों को सौंप दिया. गोविंद किसी तरह खेती बाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है. वेल्लोर ले जाने के लिए वह पैसो का इंतजाम कर रहा था. इसी बीच किशोरी उदास रहने लगी और वह डिप्रेशन में आ गई एवं शुक्रवार की शाम दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

### प्रेम प्रसंग मामले में छात्रा ने खुदकुशी कर ली

**गुमला ।** पालकोट थाना क्षेत्र के गुड़मा बांध टोली में छात्रा ने शुक्रवार की रात अपने घर में रस्सी का फंदा बना कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलते हीं पालकोट थाना के एसआई राम प्रवेश कुमार शनिवार को घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और शव परिवार जनों को सौंप दिया. परिवारजनों के अनुसार मृतक प्रिया केओ कालेज में बीए की छात्रा थी. आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**गुमला ।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के पुगु के पास शनिवार सुबह एक ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए. घायलों में जन्मजय साहू, उनकी पत्नी सरिता देवी, पुत्री प्रियंका कुमारी और सरस्वती कुमारी शामिल हैं. सभी घायल बांसडीह से भरनो जा रहे थे. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. परिजनों ने बताया कि पुगु के समीप अचानक एक ऑटो ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### पूर्व मंत्री ने हफुवा में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**पिपरवार ।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान उन्हें कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, जिसका नेतृत्व पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने किया. बाद में, उन्होंने बचरा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और क्षेत्र की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया.पूर्व मंत्री ने किचटो पंचायत के हफुवा गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया, जो पिछले एक महीने से जला था. फीता काटकर और नारियल फोड़कर उन्होंने ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया. मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव, अनिल सोनी, टेकलाल महतो,जितेंद्र महतो,गणेश महतो,नारायण महतो, किशोर महतो,किशोर शर्मा, मनोज महतो, रामकुमार महतो, यशोदा देवी, सरिता देवी,कलावती देवी,अनीता देवी, सरिता कुमारी, मामता देवी, मलखो देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### सरला बिरला विवि में 'रिकॉर्डिंग टेक्नीक्स एंड वेस्टर्न नोटेशन सिस्टम' पर कार्यशाला आयोजित



**नामकुम।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के तत्वावधान में डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट द्वारा 'रिकॉर्डिंग टेक्नीक्स एंड वेस्टर्न नोटेशन सिस्टम' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में बतौर विशेषज्ञ रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट और साउंड इंजीनियर अन्वेष कुमार ने विश्वविद्यालय के छात्रों को रिकॉर्डिंग टिप्स और वेस्टर्न नोटेशन प्रणाली के बारे में नवीनतम जानकारी दी. इस अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने तानसेन, उनके गुरु स्वामी हरिदास, लता मंगेशकर और अन्य महान कलाकारों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन हुआ. कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया. डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट की डीन प्रो. नीलिमा पाठक ने संगीत और संस्कार के सामंजस्य से जीवन को सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया.कार्यशाला के आयोजन पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने खुशी व्यक्त की है.

### आदिवासियों पर शोषण व धर्मांतरण पर गहन चर्चा

**लोहरदगा ।** भारतीय जनता पार्टी जनजाति सुरक्षा मंच की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को शहर के होटल नोवेल्टी सभागार में आयोजित की गई. इस बैठक में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश राम भगत मुख्य अतिथि थे. भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय पंकज, शनि उरांव, दिलीप भगत, लक्ष्मी नारायण भगत समेत कई ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम में गणेश राम भगत ने कहा कि आदिवासी समाज पर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उनकी जमीनें छीनी जा रही हैं और उनकी संस्कृति को समाप्त करने की कोशिश हो रही है, जिसे जनता कभी सहन नहीं करेगी.

### हादसे में मजदूर की मौत, चंदा कर अंतिम संस्कार किया

**गुमला ।** गुमला-रांची एनएच 23 पर भरनो थाना क्षेत्र के कुसुम्बाहा बाजार के पास शुक्रवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूर अनिल उरांव (40) की मौत हो गई. अनिल मरासीली गांव का रहने वाला था, जो ससुराल कुसुम्बाहा में पत्नी और तीन बेटियों के साथ रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था. प्रशासनिक मदद न मिलने के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर इंसानियत की मिसाल पेश की. किसी ने 100 रुपये दिए, तो किसी ने 500, 1000 तक का सहयोग किया. देखते ही देखते पर्याप्त राशि एकत्र हो गई और शव का अंतिम संस्कार किया गया.

### डीडीसी ने किया सिम्हातु पंचायत का निरीक्षण

**सिमडेगा/बानो ।** उप विकास आयुक्त, सिमडेगा द्वारा बानो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिम्हातु का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र टोंगरीटोली बोरोसेता, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जीयूएमएस बोरोसेता का जायजा लिया. इसके साथ ही मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना एवं अमृत सरोवर योजना के कार्य स्थलों का भी निरीक्षण किया गया. उन्होंने दीपिका देवी को अबुआ आवास योजना के तहत बने आवास का गृहप्रवेश भी कराया. तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय सभागार में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### अमानत अली इंटर कॉलेज का स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

# देश सेवा के लिए युवा सेना में भी भविष्य की तलाश करें : संजय सेठ





**राधा गोबिंद सिंह। बुंडू**

रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को बुंडू के अमानत अली इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस और कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता अमानत अली के 103वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि आजकल युवा अपना भविष्य संवारने के लिए डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य क्षेत्रों की ओर देख रहे हैं, लेकिन उन्हें सेना में भी अपने करियर के अवसर तलाशने चाहिए. उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम का उल्लेख करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की याद दिलाई, जिसमें हमारी सेना ने पाकिस्तान को 23 मिनट में हराकर एक अभूतपूर्व जीत हासिल की थी. उन्होंने कहा कि ₹देश की 140 करोड़ जनता कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह को सलाम करती है.

#### देश की ताकत और आत्मनिर्भरता पर जोर



मंत्री सेठ ने देश की आत्मनिर्भरता की बात करते हुए कहा कि भारत अब सशक्त बन चुका है और यह किसी के सामने झुकेगा नहीं. उन्होंने यह भी कहा कि वह देश जो 60 करोड़ युवा और 40 वर्ष से कम आयु के लोग रखता है, वह कैसे झुक सकता है ?₹ समारोह में उन्होंने बुंडू को स्वच्छता के मामले में देशभर में तीसरे स्थान पर आने की बधाई दी और भविष्य में पहले स्थान पर आने की शुभकामनाएं दी. इसके अलावा, उन्होंने कॉलेज के छात्रों को उनकी उत्कृष्टता के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. समारोह के अंत में अमानत अली के जन्मदिन का केक काटा गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. कॉलेज के प्राचार्य अली अल अराफात ने आगंतुकों का स्वागत किया और मंत्री संजय सेठ को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया.

### आधार सेवा कैंप का समापन, लोगों को मिला लाभ

**पिपरवार।** बचरा उत्तरी पंचायत के मिडिल स्कूल में 25 अगस्त से चल रहे छह दिवसीय आधार सेवा कैंप का शनिवार को समापन हुआ. मुखिया गुंजन कुमारी सिंह की पहल पर आयोजित इस कैंप में 300 से अधिक लोगों के आधार कार्ड बनाने, शुद्धिकरण एवं अपडेट का काम किया गया. चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर टंडवा प्रखंड कार्यालय से आए कर्मियों ने सेवा दी. बचरा उत्तरी और दक्षिणी पंचायत में आधार सेवा केंद्र न होने से स्थानीय लोग परेशान थे. इस समस्या को ध्यान में रखते हुए मुखिया ने उपायुक्त से मुलाकात कर कैंप लगाने की अपील की थी, जिसे स्वीकार किया गया. स्थानीय लोगों ने मुखिया के प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे कैंप के आयोजन की उम्मीद जताई.

### एनएसयूआई की बैठक में छात्रों के मुद्दों पर मंथन

**लोहरदगा ।** एनएसयूआई छात्र संघ लोहरदगा की बैठक बीएस कॉलेज परिसर में आयोजित की गई, जिसमें कॉलेज कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनौवर आलम ने की. मुख्य अतिथि झारखंड एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव और प्रदेश महासचिव सैफ अहमद ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, कॉलेज सुविधाओं की कमी, छात्र संघ चुनाव और नामांकन प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की. विनय उरांव ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों की आवाज़ है और संगठन उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

# ग्रामीण आत्मनिर्भरता में वन सपंदा की भूमिका निर्णायक : अरूणा तिर्की

**शुभम संदेश। नामकुम**

झारखंड की समृद्ध वन संपदा के उपयोग से राज्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकता है. इसके लिए स्वदेशी अनाज, वनसंपदा और पारंपरिक विचारधारा को अपनाने की आवश्यकता है. यह बातें अजम एम्बा की निदेशिक, अरुणा तिर्की ने उषा मार्टिन के तत्वावधान में आयोजित महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता विषय पर कार्यशाला में कही. तिर्की, जो पारंपरिक आदिवासी व्यंजन पर आधारित एक रेस्टोरेंट चलाती हैं, ने बताया कि जब हम अपनी संस्कृति और भोजन पर गर्व करेंगे, तभी हम आदिवासी खाद्य पदार्थों को पुनर्जीवित कर पाएंगे और नई पीढ़ी तक पहुंचा पाएंगे. इससे न केवल आय सृजन होगा, बल्कि विकास भी संभव होगा. उन्होंने कहा कि जंगल में पाए जाने वाले महुआ, पुटकल, रूगड़ा, खुखरी, मडुआ जैसे पदार्थों को समग्रता में अपनाने से हमारे विकास और संस्कृति की रक्षा भी होगी.



#### आहार हमारे विचार व विकास से जुड़ा है: डॉ मुरारी मयंक

उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ. मयंक मुरारी ने कहा कि आहार हमारे विचार और विकास से जुड़ा हुआ है. ऐसे में प्राकृतिक खेती और वनाधारित फल-फूलों को अपनाकर परंपरा का संरक्षण और आय संवर्धन दोनों ही संभव हो सकते हैं. कार्यशाला में मशरूम ट्रेनर देवोतस पाड़िया ने मशरूम की खेती और उसके विविध उत्पादों के निर्माण व बाजार में उपलब्धता के बारे में जानकारी दी. वहीं, अमित कुमार ने सूर्यशक्ति के माध्यम से ड्रिप इरिगेशन और खेती के अन्य उपायों के बारे में बताया. इस अवसर पर महिला मुखिया संदीप तिर्की और टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन ने भी अपने विचार रखे. उषा मार्टिन फाउंडेशन के प्रिय बागची, मोनित बूत कुमार, संगीता कुमारी और वरुण कुमार भी इस कार्यशाला में उपस्थित थे.

**सोहराई पेंटिंग के प्रशिक्षार्थियों के बीच सर्टिफिकेट वितरित :** उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा आयोजित सोहराई पेंटिंग प्रशिक्षण में भाग लेनेवाली 15 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. अब ये महिलाएं एक समूह बनाकर अपने उत्पादों को बेचने में सक्षम हो रही हैं. प्रशिक्षार्थियों में तारा देवी, गीता देवी, नम्रता कुमारी, पूनम देवी, सोनाली मुंडा, मुन्नी मुंडा, अनिमा मुंडा, सेवंती कुमारी, सहरमनी देवी, सुमन देवी शामिल हैं, जिन्हें सर्टिफिकेट दिया गया. इन महिलाओं को सर्टिफिकेट मिलते ही अब वे अपनी कला का व्यवसायीकरण कर रही हैं.

**निर्देश** अधिकारियों को इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

# बालू-चिप्स के अवैध खनन व मादक तस्करों पर कार्रवाई हो : एसपी

**शुभम संदेश । गुमला**

गुमला के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में जिलेभर के पुलिस अधिकारियों को बालू और चिप्स के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि गुमला जिले में भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के नियम लागू हैं, लेकिन इसके बावजूद कई क्षेत्रों में अवैध खनन और ढुलाई बेरोक-टोक जारी है. यह न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि राजस्व हानि और कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा बनता जा रहा है. ऐसे मामलों में पुलिस को विधिसम्मत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए.



एसपी ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी पर भी चिंता जताते हुए अधिकारियों को इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए. साथ ही, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने और यातायात नियमों को लेकर आमजन में जागरूकता फैलाने का सुझाव दिया.

बैठक में लंबित वारंट, कुर्की-जब्ती मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया गया. जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदनों के शीघ्र समाधान को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई. एसपी ने निर्देश दिया कि जमानत पर छूटे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि वे दोबारा अपराध में न संलिप्त हों. डायन प्रथा, मानव तस्करी, पलायन और महिला उत्पीड़न जैसे सामाजिक अपराधों के खिलाफ गांवों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए. हत्या, बलात्कार, पोक्सो, अपहरण, लूट, डकैती, गृहभेदन और एसटी-एससी अत्याचार से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एफआईआर दर्ज कर शीघ्र अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को आमजन से मधुर व्यवहार बनाए रखने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा. बैठक में एसडीपीओ, अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, सीसीआर प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी मौजूद थे.

### पिपरवार में सीसीएल से रिटायर हुए कोयला मजदूरों को दी गई विदाई

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को एक विशेष विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत हुए कोयला मजदूरों को सम्मानित किया गया. अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने की व और संचालन कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो ने किया.समारोह में में जीएम युनिट के ओएस सीताराम केशरी, कैटेगरी टू मजदूर भगमतिया देवी, सीएचपी/सीपीपी परियोजना के प्रणव कुमार बनर्जी, आर्म गार्ड वरुण चौधरी, अशोक परियोजना के डोजर ऑपरेटर उस्मान अंसारी और पिपरवार यूनिट के ईपी फीटर बिजय बाउरी सहित विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत हुए कामगारों का सम्मान किया गया. सभी को माला पहनाकर, शॉल, श्रीफल, सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया.

# केओ कॉलेज गुमला की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता : सांसद



**शुभम संदेश । गुमला**

गुमला के कार्तिक उरांव महाविद्यालय में शनिवार को नूतन छात्र अभिनंदन सह करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने प्राचार्य डॉ. सतीश गुप्ता के नेतृत्व में कॉलेज परिसर का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा अकादमी कक्ष, वाचनालय और इंडोर गेम कक्ष का उद्घाटन किया. मंचीय कार्यक्रम में 'अभिलाषा' कॉलेज पत्रिका का विमोचन भी किया गया. सांसद ने कहा कि कार्तिक उरांव कॉलेज की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी.

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण, प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने की सलाह दी. भ्रमण के दौरान सांसद ने शिक्षकों व कर्मचारियों की कमी, आधारभूत संरचना व संसाधनों की स्थिति पर भी चर्चा की. प्राचार्य ने जानकारी दी कि कॉलेज को मिनी विश्वविद्यालय की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही संसाधन उपलब्ध होंगे.

